इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

(राजभाषा प्रकोष्ठ)

फा.सं. ।।–101/हिंदी दिवस/रा.भा.प्र./3254

दिनांकः 13 सितंबर, 2021

परिपत्र

हिंदी पखवाड़ा, 2021 : कार्यक्रम

हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में इग्नू मुख्यालय में 14 से 28 सितंबर, 2021 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन **प्रत्यक्ष माध्यम (फेस–टू–फेस)** एवं **आभासी माध्यम (वर्चुअल मोड)** से किया जाएगा। पखवाड़े के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की रूपरेखा इस प्रकार है:

क्र. सं.	कार्यक्रम का नाम	तिथि	समय	संचालन
1	हिंदी पखवाड़ा उद्घाटन समारोह (वर्चुअल मोड)	14.09.2021	पूर्वा. 11.30–1.00 बजे	प्रो.राजेन्द्र प्रसाद पांडेय अध्यक्ष, हिंदी पखवाड़ा संचालन समिति
2	भाषण प्रतियोगिता (वर्चुअल मोड) विषय–'ऑनलाइन शिक्षणः कोविड काल में इग्नू की भूमिका'	15.09.2021	अप. 3.00–4.00 बजे	डॉ.शिवाजी भास्कर डॉ. सोनिया शर्मा
3.	निबंध प्रतियोगिता (फेस टू फेस) विषय–'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : कार्यान्वयन एवं चुनौतियाँ (स्थानः क्लास रूम, एस.ओ.टी.एस.टी.)	17.09.2021	अप. 3.00–4.00 बजे	डॉ. मनीषा पांडेय डॉ. गौरव सिंह
4.	टिप्पण प्रारूपण प्रतियोगिता (फेस टू फेस) (स्थानः क्लास रूम, एस.ओ.टी.एस.टी.)	20.09.2021	अप. 3.00–4.00 बजे	डॉ. हरीश कुमार सेठी सुश्री कँवलजीत कौर
5.	ज्ञान दर्शन पर परिचर्चा विषय–''राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इग्नू की भूमिका''	21.09.2021	अप. 4.00–4.30 बजे	प्रो.सत्यकाम (सम–कुलपति) प्रो.राजेन्द्र प्रसाद पांडेय डॉ. गौरव सिंह
6.	अनुवाद प्रतियोगिता (फेस टू फेस) (स्थानः क्लास रूम, एस.ओ.टी.एस.टी.)	22.09.2021	अप. 3.30–4.30 बजे	डॉ. सोनिया शर्मा डॉ. हरीश कुमार सेठी
7.	ज्ञान दर्शन पर परिचर्चा विषय–''राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 एवं भारतीय भाषाएँ''	22.09.2021	अप. 4.00–4.30 बजे	प्रो. सुमित्रा कुकरेती (सम–कुलपति) प्रो. राजेन्द्र प्रसाद पांडेय
8.	ज्ञान वाणी पर परिचर्चा विषयः राजभाषा का कियान्वयन	23.09.2021	अप. 3.00–4.00 बजे	डॉ. हरीश कुमार सेठी डॉ. शिवाजी भास्कर डॉ. सोनिया शर्मा
9.	कंप्यूटर पर हिंदी टाइपिंग प्रतियोगिता (फेस टू फेस) (राजभाषा प्रकोष्ठ, ब्लॉक 04)	24.09.2021	अप. 3.00–4.00 बजे	डॉ. हरीश कुमार सेठी सुश्री कँवलजीत कौर
10	स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता (वर्चुअल मोड)	27.09.2021	अप. 3.30–4.30 बजे	डॉ. मनीषा पांडेय डॉ. गौरव सिंह
11.	समापन समारोह (वर्चुअल मोड)	28.09.2021	पूर्वा. 11 बजे से	प्रो.राजेन्द्र प्रसाद पांडेय

इग्नू मुख्यालय के सभी नियमित संकाय सदस्यों/अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लें। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप **प्रथम पुरस्कार : 2500/–रुपए, द्वितीय पुरस्कार : 2000/–रुपए एवं तृतीय पुरस्कार : 1500/–रुपए** प्रदान किए जाएँगे।

प्रतियोगिता के नियमः

- पखवाड़े के दौरान वर्चुअल मोड में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं के लिंक प्रतिभागियों को प्रतियोगिता आरंभ होने से पहले उपलब्ध कराए जाएँगे।
- हिंदी पखवाड़ा संचालन समिति/राजभाषा प्रकोष्ठ/अनुवाद एकक/आयोजक मंडल के सदस्य "टिप्पण–प्रारूपण प्रतियोगिता व अनुवाद प्रतियोगिता" तथा मूलतः हिंदी के जेएटी/स्टेनो/पीए/पीएस "कंप्यूटर पर हिंदी टाइपिंग प्रतियोगिता" में भाग नहीं लेंगे।
- किसी भी प्रतियोगिता में दो प्रतिभागियों में टाई नहीं होगा अर्थात एक प्रतियोगिता में केवल तीन ही विजेता होंगे।
- किसी प्रतियोगिता में 06 से कम प्रतिभागी होने पर वह प्रतियोगिता निरस्त कर दी जाएगी।
- भाषण प्रतियोगिता का विषय है – **'ऑनलाइन शिक्षण : कोविड काल में इग्नू की भूमिका'**। इस विषय पर भाषण देने के लिए प्रतिभागियों को 3 से 5 मिनट का समय दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को विषयवस्तु को बिना देखे भाषण देना होगा।
- निबंध प्रतियोगिता का विषय है – **'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : कार्यान्वयन एवं चुनौतियाँ'**। इस विषय पर प्रतिभागियों को एक घंटे में लगभग 1000 शब्दों में निबंध लिखना होगा।
- अनुवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को लगभग 200 शब्दों के दिए गए गद्यांश का अधिकतम 30 मिनट में अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद करना होगा।
- स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता के लिए कविता मौलिक एवं हिंदी में होनी चाहिए जिसके वाचन के लिए 2 से 4 मिनट का समय दिया जाएगा।
- कंप्यूटर पर हिंदी टाइपिंग प्रतियोगिता 05 मिनट की होगी और इसके अंतर्गत प्रतिभागियों को कृति देव एवं मंगल फांट प्रयोग की अनुमति होगी।

उक्त प्रतियोगिताओं में इग्नू के नियमित कार्मिक ही भाग ले सकते हैं तथा आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणामों के संदर्भ में निर्णायक मंडल का फैसला अंतिम होगा।

कँवलजीत कौर

(कँवलजीत कौर) 13/09/21

प्रभारी, राजभाषा प्रकोष्ठ एवं

संयोजक, हिंदी पखवाड़ा संचालन समिति

प्रतिलिपिः

1. सभी विद्यापीठों के निदेशक/प्रभागाध्यक्ष : कृपया इस परिपत्र को अपने विद्यापीठ/प्रभाग/केंद्र/एकक/प्रकोष्ठ में परिचालित करवाएँ एवं कार्मिकों को कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित करें।
2. अध्यक्ष, कंप्यूटर प्रभाग : कृपया इस परिपत्र को इग्नू की वेबसाइट पर अपलोड करवाएँ
4. निजी सचिव, कुलपति कार्यालय – कुलपति महोदय के सूचनार्थ
5. सभी समकुलपति कार्यालय
6. कुलसचिव (प्रशासन)
7. सभी सूचना पट्ट